# RANA PUBLIC SCHOOL



## राना पब्लिक स्कूल के 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई के बोर्ड परीक्षाफल में परचम लहराया

कक्षा 12 की छात्रा नवदीप कौर ने 96% अंक प्राप्त कर स्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा अर्चना वर्मा ने 93% व कशिश त्रिपाठी ने 92% अंक प्राप्त कर स्कूल में क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही उज्ज्वल सिंह 91%, पीयूष अवस्थी 91%, यशदीप कौर 90% , मो0 राफे खान 90%, लवप्रीत कौर 90%, राहुल सिंह 89.5%, रुद्र प्रताप सिंह 89% आदि ने अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा 10 के छात्र अंश मिश्रा ने 97.4 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा जूही सिंह तोमर ने 95% अंक हासिल कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा हार्मिका त्रिपाठी व छात्र सारस्वत त्रिवेदी ने व छात्र विक्रमजीत सिंह ने 94% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया । छात्र शिवाजी यादव ने 93.4 छात्रा मानसी शर्मा ने 91%, सुभप्रीत कौर ने 91%, छात्रा पवनप्रीत कौर 89% छात्रा सिमरन दीप कौर 87% अंक प्राप्त किए। सभी मेधावियों को स्कूल के निदेशक श्री अवतार सिंह राना व प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह चौहान ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्कूल के प्रबंधक श्री प्रदीप पाण्डेय जी ने बच्चों को इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य शिक्षक श्री रुद्रेंन्द कुमार, सद्दाम बेग, आर0 पी0 तिवारी, शिवम शुक्ला आदि मौजूद रहे । इसके साथ ही रिया शुक्ला, आभाष गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता युवराज गुप्ता, जश्नदीप कौर, गौरी श्रीवास्तव, संदीप कौर, बत्सला त्रिपाठी, सेजल प्रीत कौर, फैजान खान आदि बच्चों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### 12 वीं के मेधावी छात्र–छात्रायें




NAVDEEP KAUR-96% | ARCHANA VERMA-93% | KASHISH TRIPATHI-92% | UJJAL SINGH-92% | PIYUSH WASTHI-91% | LOVEPREET KAUR-90%

MOHD. RAFEY KHAN | ARSHDEEP KAUR- 90% | SAIJAL PREET KAUR- 89% | RUDRA PRATAP - 88% | YUVRAJ SINGH-87% | GAURI SRIVASTAVA-86%

SANDEEP KAUR- 86% | RIYA SHUKLA-84% | AISHDEEP KAUR- 84% | SAKSHI SINGH- 84% | AABHAS GUPTA- 83% | APEKSHA PATEL- 83%

FAIZAN KHAN- 82% | JASHANPREET- 82% | SHARADDHA GUPTA- 81% | RUCHIT TIWARI- 80% | RYTHEM PANDEY- 80% | PRABHIJEEVAN SINGH-80%



VAISHNAVI GUPTA-80% | JITENDRA SINGH- 80% | ISHITVA DER - 73%

**राना पब्लिक स्कूल की 12वीं की छात्रा नवदीप कौर ने किया तहसील में टॉप**

### 10 वीं के मेधावी छात्र–छात्रायें



ANSH MISHRA (97.4%) | JOOHI TOMAR (95%) | HARMIKA (94%) | SHASHWAT (94%) | VIKRAMJEET (94%) | SHIVAJI YADAV (94%) | MANSHI (91%)

SUBHPREET (91%) | AYUSH (91%) | VAIBHAV (89%) | FALAK KHAN (89%) | PAWANPREET (89%) | SHIVANSH PANDEY | SHARANDEEP KAUR

KHUSHBU SALMANNI | SEHAJPREET KAUR | GARIMA YADAV | CIVIL MAURYA | SWIKRITI YADAV | DIVYANSH | SAMRAT

ANANYA JAUDAN | SIMRANJEET KAUR | APURVA RATHOUR | ADARSH BAJPAI | HIMANSHU | PRINCE KASHYAP | SUVIKSHA SHUKLA

LAKSHYA PATEL | ARUSHI RATHORE | KIRTI MISHRA | HARSH MISHRA | TARANRAJ | YASHPREET | KUSHPREET



**''अभिभावकों के लिए गौरवमयी क्षण''**

राना पब्लिक स्कूल ने आपके प्यार, आपके विश्वास, सम्मान, स्नेह के बल पर विगत वर्षो में जो पहचान क्षेत्र में बनाई है। उसके लिए राना परिवार आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता है। आपकी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम सिर्फ अपने जिले में ही नहीं बल्कि मंडल तक में अग्रणी भूमिका में है। विद्यालय को जो गौरव मिला है, वह असाधारण ही नहीं, अप्रत्याशित भी है। विद्यालय परिवार निरंतर आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आपका भविष्य असीम भावनाओं से भरा है। उस पर ध्यान केन्द्रित करें, जो आपको उत्साहित व प्रेरित करता है। आगे बढ़ते रहो, पीछा करते रहो।

**जगतार सिंह (निदेशक)**
**राना पब्लिक स्कूल**



**''आपकी शानदार उपलब्धि पर बधाई''**

परीक्षा में आपका उत्कृष्ट प्रदर्शन आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पैर बधाई। परिणाम में आपकी अपेक्षित सफलता के लिए बधाई। आपकी दृढ़ता और सर्म्पण ने आपके इस अविश्वसनीय मील के पत्थर तक पहुंचाया है। विद्यालय परिवार निरंतर आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आपका भविष्य असीम भावनाओं से भरा है। उस पर ध्यान केन्द्रित करें, जो आपको उत्साहित व प्रेरित करता है।

**अवतार सिंह राना (उप-निदेशक)**
**राना पब्लिक स्कूल**



**''छात्रों की कड़ी मेहनत व विश्वास ने दिलाई सफलता**

अंक और स्कोर आपके प्रतिभा का आकलन नहीं कर सकते लेकित आपके द्वारा अर्जित उपलब्धियां किसी भी चुनौती का सामना करने के आपके साहस को दर्शाती है। आपने जीवन में कभी चलना बंद न करें और उसे पूरा करने के लिए बड़े सपने देखें। विद्यालय परिवार निरंतर आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आपका भविष्य असीम भावनाओं से भरा है। उस पर ध्यान केन्द्रित करें, जो आपको उत्साहित व प्रेरित करता है।

**प्रदीप पांडेय (प्रबन्धक)**
**राना पब्लिक स्कूल**



**''परीक्षा परिणामों ने सुखद अनुभूति''**

आपकी सफलता के लिए बधाई यह दिन खुशी और मुस्कुराहट लेकर आता है क्योंकि आपने अपने सपने को साकार करने के लिए अपना ज्ञान और प्रतिभा दे दी। मैं कामना करता हूं कि आप अपने जीवन में इस आंद को सदैव बनाये रखें।

**सत्येन्द्र सिंह (प्रधानाचार्य)**
**राना पब्लिक स्कूल**



विद्यालय परिवार निरंतर आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आपका भविष्य असीम भावनाओं से भरा है।

**दानिश खां (प्रधानाचार्य)**
**निगोही**

**इंजीनियर बन देश कि सेवा कर आपने स्कूल, परिवार, गांव व देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।**



राना पब्लिक स्कूल की कक्षा- 10 के टॉपर अंश मिश्रा ने कहा अपनों का साथ एवं द्रण संकल्प की राह आसान बना देता है। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षक मेहनत के लिए प्रेरित करते रहते हैं। स्कूल के डायरेक्टर श्री अवतार सिंह राना समय-समय पैर मार्ग दर्शन देने के लिए कक्षा में आते रहते हैं। इसके लिए वह सभी की आभारी है। अंश मिश्रा इंजीनियर बनकर देश सेवा व अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहते हैं।


**डॉक्टर बन आसाधारण बीमारियों का इलाज कर मरीजों को ठीक करना चाहती हूं।**



राना पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की टॉपर नवदीप कौर ने कहा कि आपनों का साथ एवं द्रण संकल्प लक्ष्य की राह आसान बना देता है। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षक मेहनत के लिए प्रेरित करते रहते थे। स्कूल के डायरेक्टर श्री अवतार सिंह राना समय-समय पैर मार्ग दर्शन देने के लिए कक्षा में आते रहते थे। इसके लिए वह सभी की आभार हैं। नवदीप कौर एम.बी.बी.एस. करके देश की सेवा व अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहती है।

**RANA PUBLIC SCHOOL**

KHUTAR ROAD POWAYAN 7705008071
SHAHJAHANPUR ROAD, NIGOHI 7705008070




## 12 लाख 43 हजार 800 मतदाता पहुंचे वोट डालने, उदासीनता के चलते नहीं निकले वोटर

# जिले में 10 लाख 88 हजार 34 मतदाताओं ने नहीं डाले वोट

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- लंबे समय से की जा रही थी मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी
- नए मतदाता तो खूब बने पर इस बार कम रहा मत प्रतिशत
- घरों से निकालने में नाकाम रहे राजनीतिक दल और प्रशासन

**अमृत विचार:** प्रशासन की महीनों तक की गई मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद का असर मतदाताओं पर नहीं दिखा। बीते चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत बढ़ने की जगह घट गया। जिले में कुल 10 लाख 88 हजार 34 मतदाताओं ने वोट नहीं डाला। सिर्फ 12 लाख 43 हजार 800 मतदाता ही वोट डालने पहुंचे।

ग्रामीण क्षेत्रों में कम विकास कार्य होना और चुनाव बहिष्कार को इसकी वजह माना जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग वोट डालने के लिए घर से नहीं निकले। कुछ लोगों ने मतदान के महापर्व को छुट्टी के दिन की तरह मनाया और आराम करते रहे। शुरूआत में प्रशासन को कम से कम 65 प्रतिशत मतदान की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मतदान बढ़ने की जगह घट गया।

प्रशासन के अभियान और राजनीतिक दलों की कोशिशें मतदाताओं को घर से निकालने में नाकाम रही। सबसे ज्यादा खराब स्थिति शहर के बूथों की रही। जहां इक्का-दुक्का मतदाता ही लाइन में लगे दिखाई दिए। देहात क्षेत्र में कहीं-कहीं अच्छा मतदान हुआ, लेकिन कहीं-कहीं मतदान का बहिष्कार कर दिया गया है। जिले में कुल 53.34 प्रतिशत मतदान हुआ।

46.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। इस तरह देखें तो कुल 12 लाख 43 हजार 800 मतदाताओं ने ही वोट डाले। जबकि दस लाख 88 हजार 34 मतदाता मतदान से दूर रहे।



सोमवार सुबह दस बजे सूना पड़ा शहर तहसील में बना मतदान केंद्र। ● अमृत विचार

### यह माने जा रहे कारण

मतदान से पहले प्रशासन ने मतदाताओं में जोश भरने के लिए तमाम प्रयास किए थे। बड़े पैमाने पर गांव से लेकर देहात तक जागरूकता अभियान चलाए गए। उम्मीद थी कि साल 2019 की अपेक्षा इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मतदाताओं में जोश भरने में प्रशासन नाकाम रहा। मतदाता सूची में तमाम लोगों के नाम नहीं थे, जिस कारण भी लोग मतदान नहीं कर सके। मतदाता पर्ची ठीक से घर-घर नहीं बांटी गई। प्रशासनिक अभियानों का खास असर नहीं दिखा। विकास कार्य न होने से ग्रामीण मतदान के प्रति उदासीन रहे। गर्मी भी मतदान प्रतिशत गिरने का एक कारण रही।

### यहां हुआ मतदान बहिष्कार

सोमवार को मतदान के दौरान तमाम स्थानों पर ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार किया। बंडा, पुवायां, खुटार, निगोही, जैतीपुर, जलालाबाद, तिलहर, सेहरामऊ दक्षिणी, मिर्जापुर, रोजा और कटरा के कई गांवों में ग्रामीण खुलकर मतदान के विरोध में उतरे। यहां लोगों ने मतदान करने से मना कर दिया। उन्होंने छुट्टा पशुओं से परेशान होने, सड़कें खराब होने और पुल निर्माण न होने समेत तमाम विकास के मुद्दे उठाए। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें विकास कार्यों के लिए तरसना पड़ रहा है। बार-बार मांग करने के बाद भी विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

प्रशासन ने अपनी तरफ से पूरे प्रयास किए थे। बड़ी संख्या में नए मतदाता बनाए गए। लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए। कुछ जगह चुनाव बहिष्कार करने का प्रयास हुआ था, लेकिन बाद में सभी बूथों पर मतदान हुआ है। जिले में एक भी मतदान केंद्र ऐसा नहीं है जहां मतदान न हुआ हो।

– **संजय कुमार पांडेय**, एडीएम प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी।

### एक नजर

## दीवार में सेंध लगाकर हजारों की चोरी



**रोजा।** सोमवार की देर रात चोरों ने मकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर घर में रखे बक्से उठाकर ले गए और बक्से में रखे हजारों रुपये व जेवर चोरी लिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी कर चोरी की घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी एहसान मोहम्मद ने बताया कि सोमवार की देर रात चोरों ने उनके मकान की पिछली दीवार में सेंध लगा दी और घर में घुसकर कमरे में रखे बक्से चुरा कर ले गए। चोरों ने घर से कुछ खेतों में बक्सों का ताला तोड़कर बक्से में रखे हजारों रुपये कीमत के जेवर व नगदी चुरा कर बक्से खेत में छोड़ कर फरार हो गए। सुबह जब लोगों ने खेत में पड़े बक्से देखे तो लोगों की भीड़ लग गई। सूचनापर चौकी प्रभारी पहुंच गए। उन्होंने बताया कि देर शाम तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव मित्तेपुर निवासी अनंगपाल(52) रिश्तेदार रामलखन के साथ 30 मई को कांट बाजार आए हुए थे। सामान की खरीदारी कर रात आठ बजे कांट से दोनों बाइक से गांव वापस जा रहे थे। कांट-मदनापुर डीगरपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे अनंगपाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जबकि रामलखन के मामूली चोट आई थी। घायल अनंगपाल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। सोमवार की रात आठ बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके छह बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## ट्रेन में पर्स से रुपये चोरी मामले की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** पंजाब के जिला रूपनगर के थाना बेला के गांव मुजाफत निवासी मनजिंद्र सिंह ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 मार्च को वह अपने परिवार के साथ अकाल तख्त एक्सप्रेस में पटना साहिब स्टेशन से सरहिंद जंक्शन के लिए एसी कोच में सफर कर रहा था। रात में साढ़े दस बजे खाना खाकर सभी लोग बर्थ पर सो गए। 25 मार्च को सुबह साढ़े पांच बजे सफर के दौरान एक यात्री ने उसकी मां को बताया कि पर्स नीचे गिरा पड़ा है। उन्होंने पर्स को देखा तो 31000 रुपये गायब थे। उन्होंने हेल्प लाइन 139 को सूचना दी। उन्होंने 25 अप्रैल को सरहिंद रेलवे स्टेशन जीआरपी में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि एफआइआर यहां आई और विवेचना की जा रही है।

# पुलिस ने चिता बुझाकर निकाला महिला का शव

## मायके वालों को सूचना दिए बिना कांट निवासी ससुराली कर रहे थे मनजीत का अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सवा माह पूर्व पति से प्रताड़ित होकर महिला ने आग लगा ली थी। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। ससुराल वाले मायके वालों को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर रहे थे, तभी मायका पक्ष पहुंच गया। ससुरालियों ने महिला की मां को मारा पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता को बुझाकर महिला के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा। मां ने पति तथा अन्य लोगों पर जलाने का आरोप लगाया है।



मृतका मनजीत कौर।



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

कांट थाना क्षेत्र के गांव लाड़पुर निवासी प्रीतम सिंह की शादी कई साल पहले मनजीत कौर(32) निवासी रसूलपुर खुर्द थाना पुवायां के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे थे। पति से प्रताड़ित हो मनजीत ने सवा माह पूर्व घर में डीजल छिड़ककर आग लगा ली थी। ससुरालियों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां से रेफर करने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ससुराल वाले तीन दिन पूर्व मनजीत को घर ले गए थे। घर में ही उसका इलाज चल रहा था। सोमवार की सुबह सात बजे उसकी घर पर ही मौत हो गई। मनजीत की मां सुखविंदर कौर ने बताया कि उन्हें दिन में 11 बजे बेटी के मरने की खबर मिली। लेकिन ससुराल वालों ने उसे कोई सूचना नहीं दी थी। सुखविंदर का आरोप है कि दिन में दस बजे बेटी की ससुराल पहुंचे तो पता चला कि उसकी बेटी को अंतिम संस्कार के लिए गांव के बाहर नदी के किनारे चारपाई समेत ले गए है। वह परिवार वालों के साथ श्मशान घाट पर पहुंची। आरोप है कि इस बीच ससुराल वालों ने उसके साथ हाथापाई कर मारा पीटा और शव को जलाने लगे। सूचना पर डायल 112 पहुंच गई। पुलिस ने जल रही चिता को किसी तरह बुझाया। हालांकि तब तक शव के कुछ अवशेष जल गए थे।

कांट प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मां ने लगाया आरोप- बेटी को मारता पीटता था दामाद

मृतका की मां ने आरोप लगाया कि उसका दामाद प्रीतम सिंह शराब पीकर उसकी बेटी मनजीत कौर को मारता पीटता था और भूखा रखता था। उसी ने उसे जला दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

- मां ने बेटी को जलाने का लगाया आरोप, कहा- ससुराल वालों ने उसके साथ भी की हाथापाई
- सवा माह पूर्व पति से प्रताड़ित होकर लगा ली थी आग, चल रहा था इलाज

मृतका के मायके वालों की तरफ कोई तहरीर नहीं आई है और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

– **दया शंकर**, कांट प्रभारी निरीक्षक

# ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात

संवाददाता, रोजा

- सीओ और मजिस्ट्रेट के जिम्मे है सुरक्षा व्यवस्था की मॉनीटरिंग
- स्ट्रांग रूम के आसपास किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं

**अमृत विचार :** सोमवार को चुनाव होने के बाद ईवीएम को रोजा मंडी के वेयर हाउस में कड़ी सुरक्षा के बीच रखवा दी गई हैं। ईवीएम का स्ट्रांग रूम सील कर दिया गया है और आसपास सशस्त्र पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम के आसपास किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं है। वहीं, सुरक्षा की मॉनिटरिंग के लिए सीओ, मजिस्ट्रेट व स्थानीय थाना प्रभारी की जिम्मेदारी तय की गई है।

सोमवार को मतगणना समाप्त होने के बाद आधी रात के बाद तक ईवीएम जमा करने का सिलसिला जारी रहा। सभी ईवीएम मंडी समिति के वेयर हाउस में बनाये गए स्ट्रांग रूम में रखवा दी गई हैं और स्ट्रांग रूम सील कर दिया गया है। मतगणना चार जून को होगी। सुरक्षा को देखते हुए वेयर हाउस के आसपास फोर्स बढ़ा दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में करीब पचास जवान तैनात किए गए हैं। वेयर हाउस के मेन गेट पर एक इंस्पेक्टर, एक एसआई के अलावा चार पुलिसकर्मियों की तैनाती है। स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे से चौबीस घंटे निगरानी कर रहे हैं। नामित अधिकारी स्ट्रांग रूम की दिन भर पेट्रोलिंग करते रहेंगे। एसडीएम, सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने मंगलवार की दोपहर वेयर हाउस पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम के आसपास किसी को भी न आने दिया जाए। अधिकृत कर्मियों को ही लिखा-पढ़ी करने के बाद ही वेयर हाउस में प्रवेश दिया जाएगा।

# दिल्ली-लखनऊ मेल में व्यापारी के बैग से नगदी, लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ट्रेन में चोरी की वारदातें दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। नई दिल्ली-लखनऊ मेल में एसी कोच में व्यापारी की पत्नी के बैग में 65 हजार रुपये तथा लाखों रुपये का जेवर निकालकर चुरा लिया। चोरों ने बैग को बर्थ के नीचे डाल दिया था। व्यापारी ने जीआरपी लखनऊ थाने में दो लोगों के खिलाफ शक के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना शाहजहांपुर और बरेली के बीच हुआ है।

लखनऊ के मोहल्ला गोमतीनगर निवासी व्यापारी अवध बिहारी सिंह ने बताया कि वह सोमवार को ट्रेन संख्या 12230 नई दिल्ली-लखनऊ मेल में यात्रा कर रहा था। उसका रिजर्वेशन कोच संख्या ए-1 बर्थ संख्या 31 व 30 में थी। अवध बिहारी बर्थ संख्या 31 तथा उसकी पत्नी कृष्णा सिंह बर्थ संख्या 33 पर साइड में बैग रखकर सोई हुई थी। उसके केबिन में बर्थ संख्या 34 पर मोहम्मद असलम व 35 पर मोहम्मद रिजवान सफर कर रहे थे। इन दोनों यात्रियों का रिजर्वेशन नई दिल्ली से शाहजहांपुर के लिए था। सोमवार सुबह चार बजे ट्रेन शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी तो बैग गायब था। बैग बर्थ के नीचे पड़ा था। बैग में रखे 65 हजार रुपये, सोने की चार चूड़ी, दो कंगन, एक अंगूठी, एक सोने की चेन, दो झुमकी थी। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि साथ में सफर कर रहे दोनों यात्रियों में किसी ने बैग में से नगदी, जेवर चुराया है। जीआरपी स्कोर्ट तथा कंडक्टर को जानकारी दी। जब तक ट्रेन हरदोई के लिए चल चुकी थी। उन्होंने लखनऊ जीआरपी में शक के आधार पर असलम, मोहम्मद रिजवान के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- बर्थ के नीचे पड़ा था बैग, बरेली शाहजहांपुर के बीच हुई घटना लखनऊ जीआरपी में केस दर्ज

लखनऊ से एफआईआर की कापी नहीं आई है और मुकदमा लखनऊ जीआरपी में लिखा गया है। लखनऊ से एफआईआर की कॉपी नहीं है।

– **प्रभारी रेहान खां**, जीआरपी थाना

### मंदिर गई महिला के गले से चेन खींचकर उचक्का फरार

**तिलहर।** थाना कटरा के गांव सुल्तानपुर निवासी गंगा प्रसाद ने बताया कि उनकी पत्नी माला देवी मंगलवार सुबह करीब 10 :30 बजे नेशनल हाईवे स्थित प्रसिद्ध कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने गई थीं। मंदिर परिसर में भीड़ ज्यादा होने पर उनकी पत्नी माला देवी की गले में पड़ी दो तोले सोने की चेन कोई अज्ञात व्यक्ति खींचकर फरार हो गया। पत्नी ने शोर मचाया तो वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने उचक्के को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन नाकामी हाथ आई। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।




### व्यवस्था

## नगर निगम की ओर से कर तय होने की प्रक्रिया से मिला छुटकारा

# सहूलियत :अब खुद निर्धारित कीजिए अपना कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अब आप खुद ही अपने भवन का कर निर्धारित कर सकेंगे। इसके लिए नियम बनाते हुए नगर निगम ने स्वकर निर्धारण प्रणाली महानगर में लागू कर दी है। नगर निगम में नए शामिल हुए वार्ड के लोगों को इससे सबसे ज्यादा सहूलियत होगी।

अनियमितता और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए नगर निगम ने नई व्यवस्था शुरू की है। नगर निगम क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों का भिन्न-भिन्न कर तय है। 11-11 प्रतिशत जलकर और गृहकर लिया जाता है। नगर निगम क्षेत्र में करीब 50 हजार व्यावसायिक और आवासीय भवन हैं, जिनको तीन वर्गों में रखा गया है। इसी के आधार पर स्वकर प्रणाली को लागू किया गया है। इस स्वकर निर्धारण प्रणाली के तहत किसी व्यक्ति को अपने भवनों के विवरण के आधार पर अपना कर निर्धारण करने के लिए अधिकृत किया गया है। इसके तहत नगर निगम की ओर से एक प्रारूप दिया जाता है, जिसमें भवन स्वामी स्वयं अपने भवन के कमरों की संख्या व क्षेत्रफल भरता है, फिर निगमकर्मी उसका सत्यापन करते हैं। सत्यापन के बाद स्वकर की दरों के हिसाब से उसका एक टैक्स प्रभावी हो जाता है जो नगर निगम में हर माह जमा करना होता है। नई प्रक्रिया को अमल में लाने के साथ ही लोगों को पुराना कर जल्द जमा करना होगा। कर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नगर निगम जो भी सेवा दे रहा है, जिसमें जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र समेत अन्य सेवाएं शामिल हैं, उन्हें रोक दिया जाए। ऐसे में उपभोक्ताओं को नो ड्यूज न होने तक इन सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा।




- महानगर में लागू हुई स्वकर निर्धारण प्रणाली, घर, दुकान व अन्य भवनों के स्वामी होंगे लाभांवित

### गलत कर निर्धारण में होगी कार्रवाई

कर का निर्धारण संपत्ति या भूमि के वर्तमान सर्किल रेट, संपत्ति के आकार और किए गए निर्माण के प्रकार के आधार पर किया जाता है। कर निर्धारण प्रक्रिया सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित और सुविधाजनक है। कोई भी तथ्य छुपाने या गलत टैक्स निर्धारण करने पर सख्त कार्रवाई और जुर्माना लगाने का प्रावधान है। स्व-कर निर्धारण प्रणाली में वर्तमान कर प्रणाली की तुलना में तुलनात्मक रूप से कम समय लगता है। कोई भी व्यक्ति व्यक्तिगत स्वार्थ के उद्देश्यों के लिए किसी भी नागरिक को गुमराह नहीं कर पाएगा। इस व्यवस्था से सभी नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है, जिससे निकाय आर्थिक रूप से मजबूत हों।

स्वकर निर्धारण प्रणाली को अब पूरी तरह अमल में लाया जा रहा है, जिससे नगर निगम की सीमा स्थित आवासीय व व्यावसायिक भवन के स्वामियों के कर जमा करने को लेकर कोई दिक्कत न हो। इसके लिए अलग-अलग कर निर्धारित हैं।- सदानंद, कर अधिकारी, नगर निगम

# खुटार सीएचसी पर एक घंटा इलाज को तड़पते रहे घायल दंपती, रेफर

## पुलिस ने भिजवाया अस्पताल, सीएमओ से शिकायत के बाद पहुंचे डॉक्टर

- खुटार तिकुनियां चौराहा पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर
- वार्ड ब्यॉय व सफाईकर्मी ने किया प्राथमिक उपचार, निजी अस्पताल ले गए परिजन

" घायलों को अस्पताल लाया गया था। इसकी सूचना मिली थी। सूचना के बाद डॉक्टर पुनीत रस्तोगी की ओर से घायलों का इलाज किया गया। डॉक्टर मौजूद न होने का आरोप निराधार है।
–डॉ. संजीव कुमार, सीएचसी प्रभारी

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल दंपती को 108 एंबुलेंस सेवा से अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। करीब एक घंटे तक घायल अस्पताल में इलाज के लिए तड़पते रहे। परिजनों ने सीएमओ से शिकायत की तो डॉ. पुनीत रस्तोगी पहुंचे। इसके बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

खुटार के गांव सौफरी के रहने वाले छोटे अली (60) अपनी पत्नी शहनाज बानो को मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे बाइक से जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा भीरा में स्थित एक अस्पताल में दवाई दिलाने जा रहे थे। खुटार तिकुनियां चौराहा पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक वाहन में फंस गई और दंपती साथ में काफी दूर घसीटते चले गए। हादसे में छोटे अली का एक पैर टूट गया और उनकी पत्नी शहनाज बानो के दोनों पैर टूट गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। लेकिन दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, लेकिन सीएचसी पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे। जिससे घायलों का इलाज नहीं हो सका और एक घंटे तक तड़पते रहे। अस्पताल में मौजूद वार्ड ब्यॉय सूर्य प्रकाश ने अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से घायल शहनाज बानो, छोटे अली का प्राथमिक उपचार किया।



अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



घायल शहनाज बानो का उपचार करते वार्ड ब्यॉय सूर्य प्रकाश। ● अमृत विचार

इस बीच परिजनों ने डॉक्टर को फोन लगाया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सीएमओ डॉ. आरके गौतम से शिकायत की गई। शिकायत के बाद डॉ. पुनीत रस्तोगी पहुंचे और घायलों का इलाज किया और हालत खराब देख राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन इलाज में काफी देर हो जाने से परिजन निजी चिकित्सक के यहां लेकर चले गए।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में काफी देर घायल पड़े रहे। इसके बाद डॉक्टर पहुंचे। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग लोगों के साथ लापरवाही बरत रहा है और जान जाने का खतरा भी। डॉ. पुनीत रस्तोगी ने बताया कि अस्पताल में घायलों को लाया गया था, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। मरहम पट्टी के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए।

" सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हुए थे। जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल में भिजवाया गया था। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
– संजय कुमार
थानाध्यक्ष खुटार



घायल छोटे अली का उपचार करता सफाई कर्मी विपिन कुमार।

## ढाई घाट गंगा किनारे आग से आधा दर्जन झोपड़ी राख

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** ढाई घाट गंगा किनारे बने बांध के पास दर्जनों कटान पीड़ित झोपड़ी डालकर जीवन यापन कर रहे हैं। रोजाना मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाले परिवारों पर मंगलवार शाम पहाड़ टूट गया। शेर आलम, बिद्दू खान व इरशाद परिवार के साथ आधा दर्जन झोपड़ियों में रहते हैं। मंगलवार शाम अचानक शेर आलम की एक झोपड़ी में आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर आधा दर्जन झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लेकर सब कुछ राख कर दिया। आग की भयंकर लपटों को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया, लेकिन तब तक खाने पीने का सामान, राशन, बिस्तर, कपड़े, नगदी, पशुओं का चारा समेत सब कुछ खाक हो गया था। आग से बर्बादी देखकर महिलाएं और बच्चे बुरी तरह रो रहे थे।

## रंजिश युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव सिमरई निवासी वृजनदंन मिश्रा ने बताया कि 10 मई की रात साढ़े नौ बजे खेत से लौट रहा था। गांव के प्रमोद आदि उसे गांव में स्कूल के पास मिले।

आरोपी वृजनदंन को गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने प्रमोद, मनोज, रोहित, वैजनाथ, अजयपाल, श्याम बिहारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल

- गढ़िया छवि मार्ग पर गूदाह गांव के ईंट भट्ठे के पास हुआ हादसा
- पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, कलान

**अमृत विचारः** कलान क्षेत्र में मंगलवार सुबह बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को बदायूं भेजा गया है। वहीं परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए पीएचसी पर हंगामा काटा। इससे एक घंटे बाद पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी हुई।



मृतक राजीव।



राजीव की मौत पर बिलख रही परिवार की लड़की। ● अमृत विचार

क्षेत्र के गांव बेहटी निवासी राजीव यादव(18) बड़े भाई प्रमोद यादव पुत्रगण वेदराम यादव कलान बाजार से मंगलवार सुबह 9 बजे पुताई के लिए पुट्टी लेकर बाइक से गांव को जा रहे थे। सामने से बदायूं थाना उसहैत के गांव कटरा सहदतगंज पुलिस चौकी निवासी सुरजीत बाइक से आधीदेई की तरफ से आ रहा था। गढ़िया छवि मार्ग पर गूदाह गांव के ईंट भट्ठे के पास बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार राजीव यादव की मौके पर मौत हो गई और भाई प्रमोद उर्फ मिलिट्री गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार सुरजीत भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें बदायूं मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। राजीव सात भाइयों सुरेश, शिवदत्त, अहलकार, अरविंद, सुखबीर, प्रमोद में सबसे छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी।

### आरोपः पुलिस ले आती तो बच सकती थी जान

परिजनों ने आरोप लगाया कि पीआरबी पुलिस 112 अगर राजीव को उठाकर ले आती, तो उसकी जान बच सकती थी, जबकि पीआरबी पुलिस जनपद बदायूं के थाना ऊसहैत के कटरा सहादतगंज निवासी सुरजीत को उठा कर ले आई। जिस वजह से ही मृतक के परिजन उत्तेजित हो गए और पुलिस पर आरोप लगा डाले। जिससे काफी मशक्कत के बाद उसका पंचनामा भरा जा सका, क्योंकि मृतक के परिजनों ने हंगामा कर पुलिस को खरी खोटी सुनाई।

# सीएचसी पर डॉक्टर ने नर्स से की छेड़छाड़

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार सीएचसी पर एक डॉक्टर ने सहायक नर्स से छेड़छाड़ की। प्रकरण चार दिन पहले का है। नर्स ने बदनामी के डर के चलते परिजनों से बात छुपाए रखी। खाना पीना छोड़ दिया। उसे गुमसुम देख परिजनों ने पूछताछ की तो मामले से पर्दा उठा। हकीकत जानने के बाद पीड़िता को लेकर परिजन मंगलवार अस्पताल पहुंचे और सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार व सीएमओ डॉ. आरके गौतम से शिकायत की। सीएमओ ने डॉ. को अस्पताल से हटाने की बात कही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लखीमपुर खीरी की रहने वाली एक युवती सहायक नर्स के पद पर कार्यरत है। वह खुटार नगर में एक मोहल्ले में किराये के मकान में रहती है। शनिवार को युवती अस्पताल में एक कक्ष में बैठी थी। तभी एक डॉक्टर ने उससे छेड़छाड़ कर नाजायज संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। बदनामी के डर से वह चुप रह गई और घर चली गई। खाना नहीं खाने और गुमसुम देख परिजनों के पूछने पर उसने जानकारी दी। मंगलवार को परिजन उसे साथ लेकर खुटार अस्पताल पहुंचे। जहां प्रभारी डॉ. संजीव कुमार से शिकायत की। इसके बाद सीएमओ को अवगत करा दिया गया।

" डॉक्टर ने सहायक नर्स से छेड़छाड़ की थी। जिसकी रिपोर्ट बनाकर सीएमओ शाहजहांपुर को भेज दी गई है। सीएमओ मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करेंगे।
–डॉ. संजीव कुमार
सीएचसी प्रभारी खुटार

" डॉक्टर द्वारा सहायक नर्स से छेड़छाड़ करने की जानकारी हुई है। चुनाव में बिजी होने की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकती है। बुधवार को आदेश जारी कर डॉक्टर को वहां से हटाया जाएगा।
– डॉ. आरके गौतम
सीएमओ शाहजहांपुर

## ट्रेन में महिलाओं से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

- बच्चों को भी नहीं बख्शा, जिंदपुरा हाल्ट से सवार हुए थे आरोपी
- निगोही स्टेशन पर लोगों ने एक आरोपी को दबोचा, बाकी हो गए फरार

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचारः** ट्रेन की बोगी में जिंदपुरा हाल्ट से सवार हुए कुछ लोगों ने महिलाओं से छेड़छाड़ की, विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। बच्चों को भी नहीं बख्शा। निगोही स्टेशन पर पहुंचते ही लोगों ने एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसके साथी फरार हो गए।

मंगलवार शाम को शाहजहांपुर का एक परिवार जिसमें पांच महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, सभी लोग पूर्णागिरी माता के दर्शन करके ट्रेन से शाहजहांपुर लौट रहे थे। ट्रेन जब जिंदपुरा हाल्ट के पास रुकी तो वहां से 20-25 युवक ट्रेन पर चढ़ गए और पहले से ही फुल बोगी में जबरन महिलाओं के पास बैठकर उनसे छेड़छाड़ करने लगे। युवकों ने जब शाहजहांपुर के परिवार की महिलाओं से भी छेड़छाड़ की तो उन लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। जिससे महिलाओं और बच्चों में चीख-पुकार मच गई।

आरोपी युवकों ने निगोही तक महिलाओं और बच्चों के साथ जमकर मारपीट की। निगोही स्टेशन पर गाड़ी जब पहुंची, तो कुछ लोगों में हिम्मत आई और एक आरोपी युवक को पकड़ लिया। हालांकि उसके साथी भाग निकले। आरोपी युवक को निगोही स्टेशन पर मौजूद जीआरपी के एक सिपाही के सुपुर्द कर दिया गया। मामले की शिकायत जीआरपी के अलावा पुलिस से भी की गई है। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं इस घटना के बाद से परिवार के लोग दहशत में हैं। घटना की सूचना स्टेशन मास्टर ने पीलीभीत जीआरपी को दी है क्योंकि निगोही स्टेशन पीलीभीत जीआरपी की सीमा में आता है।

## बेटी ने पिता के खिलाफ दर्ज कराई मां की हत्या की रिपोर्ट

**जैतीपुर/ शाहजहांपुर।** पत्नी की हत्या करने वाले गंगाधर कश्यप के खिलाफ उसकी बेटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव रपड़िया निवासी सरिता ने बताया कि पिता गंगाधर कश्यप 12 मई को पूरी रात मां सुनीता से लड़ते रहे और उन्हें काफी मारा-पीटा। अगले दिन पिता मेरी मां सुनीता देवी व भाई कैलाश(2) को साथ ले सुबह सात बजे यह कह कर निकले थे कि ईंट भट्ठा पर हिसाब बनवाने जा रहे हैं। शाम तीन बजे पिता कैलाश को लेकर आए लेकिन मां साथ में नहीं थी। इस पर उसने पिता से पूछा तो बोले- अब मां नहीं मिलेगी क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं है। यह सुनकर सरिता रोते हुए प्रधान के घर पहुंची और जानकारी दी, तब फिर प्रधान व गांव वालों नं गंगाधर को पकड़कर पूछताछ की तब उसने बताया कि उसने सुनीता को रामगंगा में डुबो कर मार दिया। डुबोने के बाद शव को बाहर निकाल कर डाल दिया। सुनीता का शव रामगंगा नदी किनारे धुबला करीमनगर के पास मिला। सरिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गंगाधर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

लचर व्यवस्था | बदलते मौसम में बीमार हो रहे लोग, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़े मरीज

# दो डॉक्टरों के भरोसे चल रही खुटार सीएचसी, मरीज परेशान

- अस्पताल में उल्टी, दस्त, बुखार पेट दर्द के पहुंच रहे मरीज, रोजाना बन रहे 400 के करीब पर्चे

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** मौसम के बदलने से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। इससे सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है।

अस्पताल में उल्टी दस्त, बुखार, खांसी, पेट दर्द आदि के मरीज पहुंच रहे हैं, लेकिन खुटार सीएचसी दो डॉक्टरों के भरोसे चल रही है। यहां करीब रोजाना 400 पर्चे बनते है। साथ ही मरीजों को ब्लड टेस्ट कराने में दिक्कत होती है। खुटार के सरकारी अस्पताल में प्रभारी डॉ. संजीव कुमार और डॉ. पुनीत रस्तोगी हैं। इन डॉक्टरों पर मरीजों की देखरेख की जिम्मेदारी है, लेकिन स्टाफ कम होने के चलते मरीजों को अस्पताल में बैठकर डॉक्टर के आने का इंतजार करना पड़ता है। मंगलवार को मरीजों को लेकर तीमारदार अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर मौजूद नहीं रहने से काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार के पहुंचने पर मरीजों को देखना शुरू किया और चेकअप के बाद इलाज हो पाया।



बंद पड़ा डॉ. पुनीत का कक्ष।

" अस्पताल में स्टाफ कम है। डॉ. तरुण की तबीयत ठीक नहीं है और डॉक्टर अंकित कुमार कैहमारिया अस्पताल में तैनात है। दो दिन के लिए खुटार अस्पताल में डॉक्टर अंकित की ड्यूटी रहती है। साथ ही एक और डॉक्टर चुनाव के चलते छुट्टी पर है। डॉ. पुनीत रस्तोगी अस्पताल नहीं आये हैं। इसकी जानकारी कराई जाएगी।
–डॉ. संजीव कुमार
सीएचसी प्रभारी खुटार

मंगलवार को डॉक्टर तरुण कुमार और डॉक्टर अंकित कुमार अस्पताल नहीं पहुंचे। सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार का कहना है कि डॉक्टर अंकित गांव कैहमरिया अस्पताल में रहते हैं। साथ ही डॉ. तरुण कुमार की तबीयत ठीक नहीं है। इस वजह से अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। यही हाल है कि मरीजों और तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ती है। मंगलवार दिन के करीब 11:11 बजे डॉ. पुनीत रस्तोगी भी अस्पताल नहीं पहुंचे। उनका कक्ष बंद मिला।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# रॉयन की रिद्धिमा गुप्ता ने 10वीं में लहराया परचम

## सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में रॉयन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। 10वीं की छात्रा रिद्धिमा गुप्ता ने 99.4 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया है। वहीं, 12वीं में मुस्कान टंडन ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान पाने में कामयाबी हासिल की।

प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल ने बताया कि 10वीं की परीक्षा में रिद्धिमा के अलावा मंदाकिनी बियानी और तनिष्का राठौर ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरा, रिशिका गुप्ता ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा और अभिजीत नायर ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में चौथा स्थान पाया। 10वीं में 148 में 38 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। इसी तरह 12वीं में मुस्कान के अलावा अनुष्का सिंह ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में दूसरा और ध्रुव गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। बतायाः 12वीं कक्षा में सभी 115 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए।


रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल के साथ खुशियां मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


रिद्धिमा गुप्ता।


मंदाकिनी बियानी।


मुस्कान टंडन।


अभिजीत नायर।


रिशिका गुप्ता।


तनिष्का राठौर।

### ऑक्सफोर्ड में अर्णव ने किया स्कूल टॉप

**शाहजहांपुर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल कांट में का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा। यहां 10वीं की परीक्षा में अर्णव दुबे ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया है। अधिकांश बाजपेयी ने 96 .8 प्रतिशत, अमीमा खान ने 93 .8 प्रतिशत, हर्षित ने 93 .6 प्रतिशत, अर्चित दुबे ने 92 .4 प्रतिशत, आयुष रस्तोगी ने 93 .2 प्रतिशत, जरीना ने 91 .2 प्रतिशत, साक्षी सिंह ने 89 .6 प्रतिशत और दिव्यांशी शंखवार ने 89 .4 प्रतिशत अंक अर्जित कर गौरवान्वित किया।


अर्णव दुबे।


अधिकांश बाजपेयी।

### मसूरी स्कूल में अदिति ने किया टॉप

**शाहजहांपुर।** द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में अदिति वर्मा ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया है। प्रधानाचार्य एके तिवारी ने बताया कि युवांक पाठक ने 95 प्रतिशत, फुजैल रजा ने 93 .6 प्रतिशत, अनन्या चित्रांशी, मानवी माथुर और हर्षित पाल ने 91 .8 प्रतिशत, लव गोयल ने 91 .4 प्रतिशत, रेहान मिर्जा बेग ने 90 .6 प्रतिशत, मो . उबूर खां ने 90 .2 प्रतिशत, कुलसुम ने 89 .8 प्रतिशत, आर्यन गुप्ता ने 88 .8 प्रतिशत और पारस त्रिपाठी ने 87 .2 प्रतिशत अंक अर्जित कर गौरवान्वित किया।


अदिति वर्मा।


अधि

### लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने गाड़े सफलता के झंडे

**पुवायां।** लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने सफलता के झंडे गाड़ दिए। ख़ुशी से गदगद प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि दसवीं की परीक्षा में राधिका गुप्ता ने 95 .17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। वहीं 93 .5 प्रतिशत के साथ आशीष शर्मा और कनिष्का गुप्ता द्वितीय, 91 .67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अनामिका वर्मा और परी गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बारहवीं साइंस में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाणी मिश्रा ने स्कूल टॉप किया। 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आसिफ़ा नाज़ ने द्वितीय 88 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आकांक्षा मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कामर्स में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दीक्षा दीक्षित ने स्कूल टॉप किया। 83 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कर्ष पांडे ने द्वितीय, 82 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरविंदर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना ने बच्चों की सफलता को लेकर हर्ष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे बधाई के पात्र हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ओशीन ने गोल्ड पर फिर लगाया अचूक निशाना


चैंपियंस ऑफ द चैंपियन की ट्रॉफी के साथ ओशीन अनेजा (पीले सूट में)।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **मेरठ में जीती चैंपियंस ऑफ द चैंपियन की ट्रॉफी**

**अमृत विचार:** मेरठ में आयोजित राइफल शूटिंग प्रतियोगिता चैंपियंस ऑफ द चैंपियन में शहर की बेटी ओशीन अनेजा ने एक बार फिर अपनी अचूक निशानेबाजी से जिले को गौरवान्वित किया है। ओशीन तक्षशिला स्कूल में 10वीं की छात्रा की छात्रा है।

सलोनी अनेजा ने बताया कि मेरठ में 10 से 13 मई तक आयोजित द्रोणाचार्य शूटिंग चैंपियनशिप में उनकी बेटी ओशीन यूपी से एक मात्र प्रतिभागी थी। इस प्रतियोगिता में भारत के कई हस्सों से प्रतिभागी शामिल हुए थे। ओशीन ने हर वर्ग में अपनी एकाग्रता और अचूक निशानेबाजी की छाप छोड़ते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उसने तीन वर्गों में विजेता बनकर तीन गोल्ड हासिल किए। इस प्रतियोगिता में भारत से चैंपियंस ऑफ द चैंपियन के रूप में आठ प्रतिभागी चुने गए, जिसमें ओशीन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपने प्रदेश का भी नाम रोशन किया।

महानगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी राकेश अनेजा और सलोनी अनेजा की बेटी को ट्रॉफी, तीन गोल्ड मेडल के साथ 11 हजार रुपये की इनामी राशि भी प्रदान की गई। इससे पहले भी वह राइफल शूटिंग की कई प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं।

### यह भी मेधावी


हर्षित कुमार।-95%
स्कूल-ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, कांट


अमीमा खान।-93.8%
स्कूल-ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, कांट


अर्चित दुबे।-92.4%
स्कूल-ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, कांट


संस्कृति अग्रवाल।-92%
स्कूल-ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, कांट


जरीन।-91.2%
स्कूल-ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, कांट


चंदन शंखवार।-90.8%
स्कूल-ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, कांट


### सार-संक्षेप

#### 10 वीं की स्वास्तिका, 12वीं की वेदिका ने किया स्कूल टॉप



**पुवायां।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट आने पर सभी छात्र-छात्राएं खुश हो गईं। दसवीं की स्वास्तिका दीक्षित और बारहवीं की वेदिका कटियार ने स्कूल टॉप किया। कक्षा 10 की स्वास्तिका दीक्षित ने 96 प्रतिशत, शर्मिष्ठा दीक्षित ने 95 प्रतिशत, अरायश बी ने 93 .2 प्रतिशत, रचित राज सम्राट ने 92 .6 प्रतिशत, सार्थक अग्रवाल ने 91 .8 प्रतिशत, शानवी गुप्ता ने 91 प्रतिशत, हर्षित शर्मा ने 89 .4 प्रतिशत, पलक जोत कौर ने 86 प्रतिशत, रौनक प्रीत सिंह ने 86 .2 प्रतिशत, गुरकीरत कौर ने 85, राज पटेल ने 84 प्रतिशत, अनन्या मिश्रा ने 82 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में वेदिका कटियार ने 92 .6 प्रतिशत, नकवजोत सिंह ने 91 .4 प्रतिशत, गुरांकित सिंह ने 90 .8, आर्यन कटियार ने 89 .2, मनप्रीत कौर ने 89, अर्शदीप कौर ने 86 .2 प्रतिशत, सुवर्णा पांडेय ने 83 .4, अफ्फन ने 83 .4, करणदीप 83, श्रष्टि गुप्ता ने 83 प्रतिशत, आतिफा जरीफ ने 81, तनिष्क गुप्ता 80 .8, गुरमेहर कौर ने 80 .8 प्रतिशत अंक पाकर परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल के चेयरमैन राकेश यादव, वाइस चेयरमैन आदित्य यादव, डायरेक्टर आकाश यादव, प्रधानाचार्य साबू अथिकल ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### इंटरमीडिएट में मानसी तिवारी को मिले 95 प्रतिशत अंक



**कांट।** इंटरमीडिएट में फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल पिपरौला अहमदपुर कांट की छात्रा मानसी तिवारी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। कांट के मोहल्ला गढ़ी पूर्वी निवासी ललित तिवारी की पुत्री मानसी तिवारी ने इकोनॉमिक्स में 96, बिजनेस और अकाउंटेंसी में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मानसी की माता सुनीता तिवारी ने बताया कि वह पढ़ाई के प्रति बचपन से ही काफी सजग रही हैं। मानसी ने बताया कि उनकी इस कामयाबी में उसके माता-पिता व टीचर का विशेष सहयोग रहा है। वह बैंकिंग क्षेत्र में जाना चाहती हैं।

#### एसएसएमवी के हर्षजीत ने 10वीं में पाए 96 फीसदी अंक

**शाहजहांपुर।** श्री शंकर मुमुक्षु विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएमवी) में सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट शानदार रहा। प्रधानाचार्य डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता ने बताया कि 10वीं कक्षा में हर्षजीत सिंह ने 96, अन्वेषा नवीन ने 95 .8, यशी बाजपेयी ने 94 .6, श्लोक खन्ना ने 94 .6, आन्या मिश्रा ने 93 .8, सिद्धिका अग्रवाल ने 93 .8, गोपाल अग्रवाल ने 92 .6, अर्पित सिंह ने 92 .6, अविका सिंह ने 92 .4, मृदुल राज ने 92 .2, प्रज्ञा देवी ने 92 .2, सिद्धी गुप्ता ने 91 .4, रुद्रांश जिंदल ने 91 और काव्यांश दीक्षित ने 90 .4 अंक अर्जित कर परिवार और स्कूल को गौरवान्वित किया। सचिव अशोक अग्रवाल ने मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

#### तक्षशिला के शौर्य और अमन ने किया टॉप

**शाहजहांपुर।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल का 10वीं और 12वीं का रिजल्ट शानदार रहा। प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने बताया कि 10वीं के छात्र शौर्य गुप्ता तथा इंदरवीर सिंह ने संयुक्त रूप से 97 .4 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 12वीं के अमन खंडूजा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान पर 95 .8 अंकों के साथ गौरी सिंह रहीं। अर्जुन अग्रवाल ने 95 .4 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह 10वीं कक्षा में सूफियान खान ने 97 .2 प्रतिशत, अर्शिता चारग, नवांश अग्निहोत्री, राम मेहरोत्रा ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए। प्रधानाचार्य ने बताया कि 12वीं कक्षा में 100 छात्र-छात्राओं में से 14 ने 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक अर्जित कर स्कूल को गौरवान्वित किया। इसी तरह 10वीं में 186 छात्र-छात्राओं में 62 बच्चों ने 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक पाए। प्रबंधक राज कुमार खंडेलवाल और निदेशक अरुण खंडेलवाल ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# क्रिकेट लीगः कैंट क्लब और रिजवान स्पोर्टिंग फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **रविवार को कृभको मैदान में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला**

**अमृत विचारः** शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले कृभको मैदान में चल रही क्रिकेट लीग में कैंट क्लब और रिजवान स्पोर्टिंग टीम फाइनल में पहुंच गई। फाइनल मुकाबला 19 मई को खेला जाएगा।

मंगलवार को पहला सेमी फाइनल मैच कैंट क्लब और क्राउन वारियर के मध्य खेला गया, जिसमें कैंट क्लब ने 24 रन से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैंट क्लब ने 25 ओवरों में 9 विकट खोकर 139 रन बनाए। कार्तिक ने 50, कप्तान अजय प्रताप सिंह यादव ने 20 रन बनाए। क्राउन वारियर की ओर से सूरज सेनी ने चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्राउन वारियर 115 रनों पर सिमट गई। अरुण ने 43 रन और अपूर्व ने 22 रनों का सहयोग किया। विजेता टीम की ओर से तबरेज ने पांच और नईम ने तीन विकेट लिए। तबरेज मैन ऑफ द मैच घोषित बने।

दूसरा सेमी फाइनल रिजवान स्पोर्टिंग और शाह क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रिजवान स्पोर्टिंग ने 25 ओवरों में नौ विकेट खोकर 163 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 37 और निजाकत ने 29 रन बनाए। शाह क्लब की ओर से अभय सिंह गुज्जर व मोहित ने दो-दो विकेट लिए। शाह क्लब की टीम 156 रन बना पाई और सात रन से हार गई। अमित यादव ने 31 रन अभय गुज्जर ने 22 रनों का योगदान दिया। विजेता टीम के कप्तान रिजवान ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा रहे। दोनों मैचों के अंपायर फरीद खां और अक्षत मोहन शर्मा रहे। इस मौके पर उ. प्र. क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक, आलोक मिश्रा, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

# इंटरमीडिएट में नवदीप, हाई स्कूल में अंश मिश्रा रहे टॉपर

संवाददाता, पुवायां


शिक्षकों के साथ हर्ष व्यक्त करते स्कूल के टॉपर्स व मेधावी बच्चे। ● अमृत विचार

● **राना पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** राना पब्लिक स्कूल के 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई परीक्षा में परचम लहराया।

कक्षा 12 की छात्रा नवदीप कौर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्चना वर्मा ने 93 प्रतिशत व कशिश त्रिपाठी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उज्ज्वल सिंह 91, पीयूष अवस्थी 91, यशदीप कौर 90, मोहम्मद राफे खान 90, लवप्रीत कौर 90, राहुल सिंह 89.5, रुद्र प्रताप सिंह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इन सभी मेधावियों को स्कूल के निदेशक अवतार सिंह राना व प्रधानाचार्य सतेंद्र सिंह चौहान ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक प्रदीप पांडेय ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य शिक्षक रुद्रेंद्र कुमार, सद्दाम बेग, आरपी तिवारी, शिवम शुक्ला आदि मौजूद रहे। रिया शुक्ला, आभाष गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, युवराज गुप्ता, जश्नदीप कौर, गौरी श्रीवास्तव, संदीप कौर, वत्सला त्रिपाठी, सेजल प्रीत कौर, फैजान आदि बच्चों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### 10 वीं का परीक्षाफल भी रहा बेहतर

राना पब्लिक स्कूल के अंश मिश्रा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राना पब्लिक स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूही सिंह तोमर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही विक्रम सिंह, शिवाजी यादव, हरमिका त्रिवेदी व सारस्वत त्रिवेदी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। मानसी शर्मा ने 91 प्रतिशत, शुभप्रीत कौर 91, पवनप्रीत कौर 90, शिवांश 89, हर्ष मिश्रा 89, फ़लक खान ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अवतार सिंह राना व प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह ने बच्चों को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर अच्छे भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई अभिभावकों समेत अध्यापक मौजूद रहे।

# गोल्डन फ्लावर, एलएसपी स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

संवाददाता, खुटार


अक्षांश राज।


तनु साहू।


सोनम प्रीत कौर।



**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित होने के बाद खुटार के गोल्डन फ्लावर और रामपुर कलां में एलएसपी स्कूल के छात्रों ने अच्छे अंक हासिल कर परचम लहराया है।

गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अक्षांश राज ने 94.6, द्वितीय स्थान पर तनु साहू ने 94, तृतीय स्थान पर ऐश्वर्या मिश्र ने 90.4, प्रतिशत और चतुर्थ स्थान पर अजमेर खान ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। कक्षा 12 में सोनम प्रीत कौर ने 96.2, मनजोत सिंह ने 91.4, आयुष मिश्रा ने 89.2 प्रतिशत रहा है। जिस पर अध्यापकों ने परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गोल्डन फ्लावर स्कूल के प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू, निदेशक डॉ नवदीप सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। उधर, गांव रामपुर कलां में स्थित एलएसपी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 में वरुण पांडेय ने 94.60, सुमनप्रीत कौर ने 82.20, जसनदीप सिंह ने 81.60 प्रतिशत रहा है। स्कूल के प्रबंधक एचएल वर्मा ने बताया कि स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक ने परीक्षा में सफल होने वाले छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्र-छात्राओं ने गुरुओं का किया धन्यवाद

**बंडा।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले संत जॉन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापक और अध्यापिकाओं का धन्यवाद किया है। हाईस्कूल की परीक्षा में दीपा कुमारी ने 89 .8, गुरजोत सिंह ने 89 .4, नवजोत सिंह ने 88 .4, प्रभनूर कौर ने 81 और अभिजीत सिंह ने 80 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। इस दौरान स्कूल के स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय माता-पिता व स्कूल के शिक्षकों को दिया है।

# शत-प्रतिशत रहा चंदी कॉन्वेंट का रिजल्ट



विजयी चिन्ह दिखाते चंदी कॉन्वेंट स्कूल के छात्र- छात्राएं व मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

● **80.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही कमलप्रीत**

**अमृत विचार :** चंदी कान्वेंट (गंगसरा) सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कमलप्रीत कौर ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं नवदीप सिंह ने 78 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व अमृत सिंह ने 76.7 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान, सोहलप्रीत सिंह ने 75.4 प्रतिशत अंक हासिल कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्र-छात्राओं में लवप्रीत सिंह, बलराज सिंह, अर्श प्रीत सिंह, नवनीत कौर, दिव्यांशी राठौर आदि ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अध्यक्ष परमजीत सिंह, डायरेक्टर बलदेव सिंह, मैनेजर अवतार सिंह ने सभी विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को बधाई दी। प्रधानाचार्य प्रीति चौधरी ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं। उप-प्रधानाचार्य बलजिंदर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 12वीं की वाणी ने जिले में टॉप 5 में जगह बनाकर रोशन किया नाम

संवाददाता, पुवायां


लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी में शिक्षकों और प्रबंध समिति की ओर से फूल माला पहनाकर सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● **लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट**

**अमृत विचार :** लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों की सफलता पर मंगलवार को प्रबंध समिति की ओर से अभिभावकों व बच्चों का माल्यार्पण कर और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया।

स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। बारहवीं की छात्रा वाणी मिश्रा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉप 5 में जगह बनाकर सफलता के झंडे गाड़े। दसवीं में राधिका गुप्ता ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। वहीं 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आशीष शर्मा और कनिष्का गुप्ता द्वितीय, 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अनामिका वर्मा और परी गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं साइंस में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाणी मिश्रा ने स्कूल टॉप किया, 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आसिफा नाज़ ने द्वितीय 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आकांक्षा मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दीक्षा दीक्षित ने स्कूल टॉप किया, 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कर्ष पांडे द्वितीय और 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरविंदर सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय प्रबंधन समिति ने बच्चों की सफलता को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जसवीर सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र पाल, प्रबंधक हरदेव सिंह, सह प्रबंधक अरुण सक्सेना एडवोकेट, सुभाष चौधरी, चैतन्य मनु भारद्वाज, प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना, ब्रज भूषण शुक्ला, पवनसुख मिश्रा, श्रुति गुप्ता, डीपी वर्मा, राजेश बाबू शेष कुमार, दिलीप वर्मा, अमित कुमार मौजूद रहे।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# बुजुर्गों को बताए अधिकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बरतारा आश्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरुकता शिविर

**अमृत विचार:** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष भानु देव शर्मा के निर्देश पर वृद्धाश्रम बरतारा में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों को सीनियर सिटीजन के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आश्रम के संरक्षक रमेश भइया ने कहा कि सभी वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेना चाहिए। इसके लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा। प्राधिकरण के पैरा विधिक स्वयं सेवक अनिल कुमार वर्मा ने बुजुर्गों के अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि बुजुर्ग माता-पिता अपनी संतानों से भरण पोषण भत्ता ले सकते हैं एवं रेलवे, परिवहन निगम, अस्पतालों में छूट का प्रावधान भी है, जिसके बारे में सभी को जागरूक होने की जरूरत है।

इसके अतिरिक्त प्राकृतिक आपदा के मृतक को 4 लाख, आवास क्षतिग्रस्त होने पर 1.20 लाख एवं अंग भंग होने पर 2.5 लाख रुपये की आर्थिक मदद का भी प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 18001805235 पर संपर्क किया जा सकता है। संचालन प्राधिकरण के शिवम वर्मा ने किया। वृद्धाश्रम के प्रबंधक ब्रह्मदेव ने आभार व्यक्त किया। विमला बहन, अंजली, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों का ट्रेन में सीटों पर कब्जा

## वोट डालने के बाद ट्रेनों में भीड़ बढ़ी, एसी और स्लीपर कोच के यात्रियों को हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद ड्यूटी समाप्त हो जाने पर दूसरे जनपद से आए पुलिस कर्मचारियों की स्टेशन पर भीड़ लग गई। इस दौरान सिपाही एसी कोच तथा स्लीपर कोच में जबरन चढ़ गए और यात्रियों की बर्थ पर कब्जा कर लिया। इधर वोट डालने के बाद वापस जाते समय स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ हो गई।

सोमवार को लोकसभा चुनाव में शामली, बरेली, पीलीभीत जिले के पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान के बाद पुलिस कर्मचारी अपने जिले की वापसी के लिए स्टेशन पर पहुंच गए। सोमवार की रात दस बजे पुलिस कर्मचारियों की प्लेटफार्म चार काफी भीड़ थी। बरेली की ओर जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, फैजाबाद दिल्ली एक्सप्रेस के पुलिस कर्मचारी एसी कोच तथा स्लीपर कोच में चढ़ गए। यात्रियों की बर्थ पर जबरन बैठ गए। यात्रियों ने उनसे कहा कि बर्थ रिजर्व है। इस पर पुलिस कर्मी बोले कि चुनाव ड्यूटी से लौट रहे हैं और कुछ दूरी तक जाना है। यात्रियों ने कोच में टीटीई की तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। इधर लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए बहुत से लोग बाहर से भी अपने घर आए थे। वह भी वापसी कर रहे थे। स्टेशन पर प्लेटफार्म एक और चार पर काफी भीड़ रही। जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं थी। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

# आठ नई बसें मिलीं, 55 चुनाव ड्यूटी में जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रोडवेज स्टैंड पर खड़ीं बसें। • अमृत विचार

- यात्रियों को एक बार और झेलनी पड़ सकती है दिक्कत

अमृत विचारः रोडवेज बस डिपो को लखनऊ मुख्यालय से आठ और नईं बसें मिल गई। इधर, चुनाव ड्यूटी में बुधवार से 55 निगम की बसें जाएगी। बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से यात्रियों को एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि एआरएम ने दावा किया है कि यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

स्थानीय रोडवेज डिपो को लखनऊ मुख्यालय से आठ और नई बसें मिल गई हैं। अब निगम की 127 बसें हो गई है। जबकि 78 अनुबंधित बसों का संचालन हो रहा है। निगम की 35 बसों का संचालन दिल्ली रोड, मथुरा, लखनऊ, कानपुर पलिया के लिए हो रहा हैं। जबकि अनुबंधित बसों का संचालन फर्रुखाबाद, खीरी, गोला, बरेली, बंडा, खुटार, पुवायां आदि के लिए हो रहा है। इधर चुनाव ड्यूटी में करीब 32 बसें गई थी, जो वापस आ गई हैं।

अब 14 मई को चुनाव ड्यूटी में निगम की 24 तथा 17 मई को 31 बसें निगम की जाएगी। बसों के चुनाव डियूटी में चले जाने से यात्रियों को एक बार फिर दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। इधर दिल्ली तथा पजाब से लोग वोट डालने के लिए आए थे। अब मंगलवार की शाम दिल्ली के लिए वापस जा रहे है। इसलिए मंगलवार की अपेक्षा बसों में भीड़ बढ़ गई है।

> चुनाव ड्यूटी में 55 बसों के चले जाने से यात्रियों की किसी प्रकार दिक्कत नहीं होगी और बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएगे।
> – **आरएस पांडे**, आरएम

सुपर स्पेशिलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।

परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

# ... प्रस्तावना के पृष्ठ तक सीमित कहानी हूं



काव्य संध्या में काव्य पाठ करते सुशील दीक्षित व मौजूद अन्य कवि। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य संध्या में कवियों ने सुनाईं रचनाएं

**अमृत विचार:** प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य संध्या का आयोजन मंगलवार को गीतकार डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री के संयोजन में उनके मस्जिदगंज स्थित आवास पर किया गया। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े कवियों ने काव्यपाठ किया।

काव्यसंध्या की अध्यक्षता करते हुए चंद्रशेखर दीक्षित चंद्र ने कहा- निगाहों का दरिया तभी खौलता है, जब अतिवाद होकर मुखर बोलता है। विजय ठाकुर ने गजल के माध्यम से कहा-जिंदगी रोते-रोते सजल हो गई, लोग समझे कि कोई गजल हो गई। सुशील दीक्षित विचित्र ने गीत सुनाया- तीर्थ, कूप, गंगा, यमुना में मल-मल धोयी, धुली नहीं पर कपट चुनरिया इतनी गंदी। ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने संबंधों की पीड़ा को गुनगुनाया- जन्म दिया है हमने तुमको, तुम ही हो आंखों के तारे, बेशक तुम्हें बुरे लगते हैं, लेकिन हैं मां-बाप तुम्हारे।

डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने सुनाया- ढाई आखर पढ़ पंडित बनने की खातिर, शीश काट खुद के हाथों में धरना पड़ता है। सरोज मिश्र ने मुक्तक सुनाया- किसी पुस्तक में सूखे फूल सी पहली निशानी हूं, नदी से कट गई जो धार का ठहरा सा पानी हूं। अगर होता मेरा विस्तार तो मैं भी पढ़ा जाता, महज प्रस्तावना के पृष्ठ तक सीमित कहानी हूं। चंद्र मोहन पाठक, कमल मानव, उमेश चंद्र सिंह आदि ने भी काव्य पाठ किया। इससे पहले गोष्ठी का प्रारंभ मां शारदे के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सुशील विचित्र के संचालन में चली गोष्ठी में संयोजक डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने आभार व्यक्त किया। पुष्पेंद्र दीक्षित, पुष्कर दीक्षित, सहज त्रिवेदी, अग्निज उपमन्यु, शुभ त्रिवेदी, वैष्णवी अग्निहोत्री, पूर्वी अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# हज पर जाने वाले लोगों का किया गया स्वागत



हज पर जाने वालों का माल्यार्पण कर स्वागत करते लोग।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा कस्बे में हज पर जाने वाले 6 लोगों ने खानकाह ए कलीमिया में गुलपोशी कर हाजिरी दी। हज पर जाने वालों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। मंगलवार की सुबह नमाज ए फज्र मोहल्ला इस्लामनगर के चौधरी इश्तियाक एवं उनकी पत्नी सद्दीकन, मोहल्ला बंगशान के शरीफ अहमद व उनकी पत्नी शकीला, मोहल्ला सराय के शरीफ अहमद व उनकी पत्नी साबरा बेगम ने प्रमुख खानकाह ए कलीमिया में हाजिरी दी। बुजुर्गों ने दीन की मजारात पर गुलपोशी की और खानकाह के सज्जादा नसीन हजरत सैयद आदिल महमूद कलीमी चिश्ती कादरी से मिलकर नात ख्वानी के प्रोग्राम में शिरकत की। इस दौरान हज पर जाने वाले लोगों का नागरियों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। नात ख्वानी के कार्यक्रम में हजरत सरवर महमूद कलीमी, एहसाम मिया, आरिश खां, अशफाक खां, हाजी सगीर खां, फिरोज अहमद, सरताज खां, ताहिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
Admission Helpline:7521001993
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

